तापमान
अधिकतम 19.3 डिग्री
न्यूनतम 7.7 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, बुधवार 28 जनवरी 2026

11 फसलों के मुआवजे की मांग को लेकर किसानों...

12 हिसार में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस समारोह


## खबर संक्षेप

### ब्राह्मण धर्मशाला का 10 हजार का किया चालान

**हिसार।** स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने के मामले में नगर निगम ने ब्राह्मण धर्मशाला का 10 हजार का चालान किया है। एएसआई राहुल सैनी और राहुल परमार ने बताया कि निरीक्षण के दौरान पाया कि नगर निगम के सेकेंडरी प्वाइंट पर भारी मात्रा में कचरा डाला गया है। इसकी जांच उपरांत पता लगा कि ब्राह्मण धर्मशाला में हुए कार्यक्रम का कचरा है। इस पर कार्रवाई करते हुए 10 हजार का चालान किया गया। इसके अलावा सडक के किनारे कचरा डालने पर मेला ग्राउंड दुकानदार का चालान किया गया। इस दौरान टीम ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया और सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े के थैलों जैसे पर्यावरण-अनुकूल विकल्प अपनाने का संदेश दिया।

### निगम की टीम ने बाजार से हटाया अतिक्रमण

**हिसार।** शहर को अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान नगर निगम द्वारा निरंतर जारी है। मंगलवार को अभियान की शुरुआत निगम टीम ने लोकल बस स्टैंड से की। इस दौरान तलाकी गेट, गुलाब सिंह चौक, ऋषि नगर, रेलवे रोड और राजगुरू मार्केट व उसके आस पास की मार्केट में भी कार्रवाई की। इस दौरान टीम ने शहर के कई क्षेत्रों के मार्केट के व्यापारियों को सामान अपनी परिधि में रखने की अपील भी की गई।

### सोलर सिस्टम के तार चोरी, आरोपी काबू

**हिसार।** सदर क्षेत्र के गांव मय्यड़ में सोलर सिस्टम के तार चोरी होने की शिकायत पुलिस को मिली है। गांव के किसान विनोद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 25-26 जनवरी की रात उसके खेत में लगी सोलर सिस्टम के लगभग 100 फुट लंबे तार चोरी हो गए। बीते दिन तक तार खेत में सोलर सिस्टम के साथ सुरक्षित लगे हुए थे, लेकिन अगली सुबह जांच करने पर वे गायब मिले। चोरी का शक होने पर विनोद ने आसपास तलाश शुरू की। गांव में उसने एक युवक को तारों का बंडल जलाते देखा। मौके पर मौजूद विनोद और उसके परिवार के सदस्यों ने युवक को पकड़ लिया। युवक ने अपना नाम रोहित बताया। उसे सदर पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

### 25.30 ग्राम हेरोइन के साथ दो लोग गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से दो आरोपियों को नशीले पदार्थ समेत गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से कुल 25.30 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए टीम ने गांव पीरावली बस स्टेंड के पास से एक व्यक्ति को काबू किया। पूछताछ में उसने अपना नाम रोहित उर्फ शूटर बताया। तलाशी में उससे एक पॉलीथिन में 17.77 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इसी प्रकार, नशा निरोधक टीम ने विश्वकर्मा कॉलोनी, मिलगेट क्षेत्र से मोटरसाइकिल सवार मिलगेट निवासी कुलदीप को काबू किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 7.53 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### ऊंटों से भरी पिकअप समेत चालक पकड़ा

**हांसी।** गौपुत्र सेना हांसी व तोशाम की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए रामायण टोल प्लाजा के पास ऊंटों से भरी पिकअप गाड़ी पकड़ी है। पिकअप गाड़ी में 4 ऊंटों को क्रूरतापूर्वक ठूंस-ठूंस कर भर रखा था। और इनको राजस्थान के नोहर से तस्करी कर हिसार के रास्ते मेवात ले जाया जा रहा था। पिकअप में मिले ऊंटों के मुंह और पैर रस्सियों से बंधे हुए मिले, जिसके कारण उसको काफी चोटें भी आई हुई थी। बरामद किए गए ऊंटों को गोशाला भिजवाया गया है, जबकि वाहन ड्राइवर को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस पूछताछ में ड्राइवर ने अपना नाम उत्तर प्रदेश के बागपत निवासी अहसान बताया।


**नारनौंद।** गांव खांडा खेड़ी में प्रतिभावान सम्मान समारोह में उपस्थित गणमान्य लोग।


**नारनौंद।** सम्मान समारोह के बाद छात्रों से बातचीत करते पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु।


**नारनौंद।** स्वर्गीय चौधरी मित्रसेन आर्य और उनकी धर्मपत्नी परमेश्वरी देवी की पेंटिंग बनाकर परिजनों को भेंट करते विख्यात मूर्तिकार प्रदीप चौधरी। **फोटो : हरिभूमि**

*खांडा खेड़ी के भारत मित्र स्तंभ के प्रांगण में मनाई स्व. चौधरी मित्रसेन आर्य की 16वीं पुण्यतिथि*

# स्व. चौधरी मित्रसेन आर्य ने जड़ों से जुड़कर सामाजिक सरोकारों को निभाने का काम किया : कैप्टन अभिमन्यु


कार्यक्रम को संबोधित करते परम मित्र मानव निर्माण संस्थान के अध्यक्ष कैप्टन रूद्र सेन सिंधु।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

वैदिक पथ के पथिक स्व. चौधरी मित्रसेन आर्य की 16वीं पुण्यतिथि गांव खांडा खेड़ी के भारत मित्र स्तंभ के प्रांगण में मनाई गई। इस अवसर पर हवन उपरांत प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि स्व. चौधरी मित्रसेन आर्य ने जड़ों से जुड़कर सामाजिक सरोकारों को निभाने का काम किया और जड़ों से अलग कभी नहीं हुए। पूरे परिवार और संगठनों की सहायता से यह भारत मित्र स्तंभ बनाया गया, जिसकी आज देश ही नहीं विदेशों में भी पहचान है।

हरियाणा सरकार ने भी इसको पर्यटन चक्र में शामिल कर लिया है। इसमें पूरे भारत की संस्कृति की झलक देखने को मिलती है। इसका शुभारंभ संघ संचालक मोहन भागवत ने किया था। इसी के नाम पर भारत जानो प्रतियोगिता की शुरुआत की गई है, जिसमें करीब 10 हजार छात्रों ने हिस्सा लिया था। इस अवसर पर सैकड़ों प्रतिभावान विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। परम मित्र मानव निर्माण संस्थान के अध्यक्ष कैप्टन रूद्र सेन सिंधु ने इस अवसर पर कहा कि वर्ष 2010 में हमारे पूज्य पिताजी स्व. चौधरी मित्र सेन आर्य ने प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित करने की परंपरा शुरू की थी और आज पूरा परिवार इसको आगे बढ़ाने में लगा है।


**नारनौंद।** समाधी स्थल पर स्वर्गीय चौधरी मित्रसेन आर्य को नमन करतीं सिंधु परिवार की महिलाएं। **फोटो : हरिभूमि**

### इन स्कूलों के छात्र हुए सम्मानित

टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल नारनौंद, उपासना सीनियर सेकेंडरी स्कूल नारनौंद, होली फील्ड सीनियर स्कूल नारनौंद, न्यू आरईडी हाई स्कूल पेटवाड़, इंडस स्कूल मिर्चपुर, इंडस स्कूल जींद, आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल हैबतपुर, एसबीएस स्कूल माढ़ा, भारती विद्या मंदिर, स्वामी विवेकानंद स्कूल खेड़ी चौपटा, बाबा श्रीराम स्कूल पेटवाड़, विकास आदर्श हाई स्कूल, एमडी हाई स्कूल पेटवाड़, न्यू आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल लोहारी राघो, बाल ज्योति स्कूल बुडाना, परममित्र कन्या विद्या निकेतन स्कूल खांडा खेड़ी, बाबा उद्लदेव स्कूल मदन हेड़ी, होली एंजल मॉडल स्कूल गैबी नगर, पीएम श्री गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल लोहारी राघों, बीएमएस पब्लिक स्कूल बास के लगभग 350 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा भारत जानो प्रतियोगिता के करीब 30 छात्रों को सम्मानित किया गया।


**नारनौंद।** कार्यक्रम में वैदिक भजन प्रस्तुत करतीं इंडस स्कूल की छात्राएं।


**नारनौंद।** गांव खांडा खेड़ी में प्रतिभावान सम्मान समारोह में उपस्थित गणमान्य लोग।


**नारनौंद।** प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित करते कैप्टन रूद्र सेन सिंधु, जिला परिषद के चेयरमैन सोनू डाटा व अन्य। **फोटो : हरिभूमि**

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों, आर्ट, पेंटिंग और खेलों के विजेता भी होंगे सम्मानित

इंडस शिक्षण संस्थान के डायरेक्टर सुभाष श्योराण ने बताया कि कैप्टन रूद्र सेन ने घोषणा की है कि इस कार्यक्रम में अब तक शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिभावान छात्रों को ही सम्मानित किया जाता था। भविष्य में सांस्कृतिक, आर्ट, पेंटिंग और खेलों में मेडल जीतने वाले युवाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। सभी छात्रों को प्रमाण पत्र, मेडल व नगद राशि देकर सम्मानित किया गया है।


**नारनौंद।** प्रतिभावान छात्राओं को सम्मानित करते सिंधु परिवार के सदस्य।

*पश्चिमी विक्षोभ से फिर बदला मौसम, हल्की बारिश से अधिकतम पारा 2.5 डिग्री लुढ़का*

# आदमपुर क्षेत्र के कई गांवों में ओलावृष्टि सरसों की फसल में नुकसान की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पश्चिमी विक्षोभ के चलते मंगलवार को मौसम ने फिर करवट ली। इसके चलते हिसार व आसपास के क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई। आदमपुर तथा अग्रोहा क्षेत्र के कुछ गांवों में ओलावृष्टि भी हुई। इससे सरसों की खड़ी फसल को नुकसान का अंदेशा है। हालांकि जहां गेहूं की फसल है, वहां पर फिलहाल नुकसान की संभावना नहीं है। उधर, मौसम में आए बदलाव के कारण रात्रि के पारे में हल्की वृद्धि हुई है, जबकि दिन के तापमान में गिरावट आई है। मंगलवार को हिसार का रात्रि पारा 7.7 तथा दिन का तापमान 19.3 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम पारा सामान्य से 2.5 डिग्री सेल्सियस कम है। मौसम वैज्ञानिकों ने अगले 3-4 दिनों तक शीतलहर का प्रकोप बने रहने की संभावना जताई है। जिले के गांव बालसमंद, बुड़ाक, सरसाना, तेलनवाली, कुतियावाली, चौधरीवाली, बांडाहेड़ी, बगला, कालीरामण, घुड़साल, उकलाना, अग्रोहा व खासा महाजनान में ओलावृष्टि होने की सूचना है। हल्की बारिश व ओलावृष्टि के बाद ठंड का स्तर एक बार फिर से बढ़ गया है।


**चौधरीवाली गांव में गिरे ओले।**

### फिर चलेंगी बर्फीली हवाएं

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन ने बताया कि आने वाले तीन चार दिनों तक हिसार व आसपास के क्षेत्र में एक बार फिर से उत्तरी बर्फीली सर्द हवाओं से रात्रि तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी और हवाएं शांत रहीं तो सुबह के घंटों में धुंध कोहरा देखने को मिलेगा। 31 जनवरी और उसके बाद 3 फरवरी को पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से तापमान में उतार चढाव देखने को मिलेगा।

### बरसात गेहूं, जौ और चने के लिए फायदेमंद रहेगी : ओपी

हकृवि के कृषि विशेषज्ञ डॉ. ओपी बिश्नोई के अनुसार जनवरी महीने की यह बारिश गेहूं, जौ व चने की फसल के लिए बहुत फायदेमंद है। इससे गेहूं में दानों का भराव अच्छा होगा, जिससे प्रति एकड़ पैदावार अधिक होगी।



वर्षा से कम तापमान जितने दिन लंबे समय तक बना रहेगा, जौ उत्पादन बढ़ाने में सहायक होगा। हालांकि ऐसा कम तापमान व वातावरण में अधिक नमी गेहूं में पीले रतुआ नाम की बीमारी को भी निमंत्रण देता है, इसलिए किसानों को प्रतिदिन अपने खेत का निरीक्षण करते रहना चाहिए। अगर रोग ग्राही किस्में लगा रखी है तो वैज्ञानिकों की सलाह से बीमारी की दवाई का छिड़काव करें। उन्होंने बताया कि सरसों में जहां ओलावृष्टि हुई है, वहां तो नुकसान है, अन्यथा पछेती सरसों में फायदा ही होगा।

*बाल्टी में आग जलाकर कमरा बंद करके सोने से हादसा*

# फर्नीचर फैक्ट्री में दम घुटने से तीन की मौत, दो गंभीर

- दो महीने पहले ही हुई थी अनुज की शादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सदर क्षेत्र के गांव ढंढूर में दम घुटने से हुए हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि दो का गंभीर हालत में इलाज चल रहा है। हादसे के शिकार लोग ढंढूर स्थित एक फर्नीचर फैक्ट्री में काम करते थे और रविवार रात को लोहे की बाल्टी में आग जलाकर कमरा बंद करके सोए थे। सोमवार दोपहर तक जब वे बाहर नहीं आए तो साथी कर्मचारी कमरे में आया तो पांचों बेसुध पड़े थे। इसके बाद तुरंत पांचों को सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने तीन को मृत घोषित कर दिया। मृतकों का मंगलवार को पोस्टमार्टम किया गया। बताया जा रहा है कि ढंढूर गांव स्थित एक फर्नीचर फैक्ट्री में उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ के रहने वाले अनुज, अमरजीत, शिवा, संजय और अंबेडकर नगर निवासी साहिल पांच दिन पहले ही काम करने आए थे। गणतंत्र दिवस की छुट्टी होने के कारण सोमवार को फैक्ट्री में कोई काम नहीं था, इसलिए पांचों कमरे में सोए हुए थे। सोमवार दोपहर तक जब कमरे से कोई हलचल नहीं हुई और बाहर की लाइट भी जलती रही, तो पास के क्वार्टर में रहने वाले फैक्ट्री कर्मचारी आशुतोष को शक हुआ। आशुतोष ने आसपास के अन्य कर्मचारियों को इसकी सूचना दी। इसके बाद कमरे की ऊपर बनी कांच की खिड़की से झांक कर देखा गया, जहां पांचों लोग बेसुध हालत में पड़े मिले।

### डायल 112 पर कॉल कर दी सूचना

कर्मचारियों ने खिड़की का शीशा तोड़ा और अंदर पानी डाला। अनुज, साहिल और अमरजीत की मौत हो चुकी थी, जबकि शिवा और संजय की सांसें चल रही थीं। इसके बाद तुरंत डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी गई। घटना की सूचना मिलते ही एम्बुलेंस भी मौके पर पहुंची और सभी पांचों को जिले के नागरिक अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद तीन को मृत घोषित कर दिया, जबकि दो की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें निजी अस्पताल में रेफर कर दिया। आशुतोष ने बताया कि जब वे लोग शीशा तोड़कर अंदर गए तो एक लोहे की बाल्टी में आग जली हुई थी। कमरा अंदर से बंद था। आग की वजह से अंदर गैस बन गई और इनका दम घुट गया। बताया जा रहा है कि मृतक अनुज की दो माह पहले नवंबर में ही शादी हुई थी।

### 24 घंटे में दबोचा फोन छीनने का आरोपी

**हांसी।** पुलिस ने सिर्फ 24 घंटे के भीतर मोबाइल छीनने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। किला बाजार चौकी प्रभारी एएसआई जसवीर ने बताया कि सोमवार शाम को एक युवती बाजार से घर की ओर जा रही थी, की इसी दौरान एक युवक ने झपट्टा मारकर युवती का मोबाइल फोन छीन लिया और फरार हो गया। युवती ने उसका पीछा किया, लेकिन वह भागने में सफल हो गया। उन्होंने बताया कि शिकायत मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें युवती का मोबाइल फोन छीनने वाला आरोपी युवक भागता हुआ दिखाई दिया। तकनीकी साक्ष्यों और त्वरित कार्रवाई के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी चारकुतुब गेट निवासी अर्जुन उर्फ देव को को जींद रोड बाइपास, हांसी से गिरफ्तार कर लिया।

## हांसी में प्रथम जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने फहराया तिरंगा

*बोले- ध्वजारोहण करके महसूस कर रहा गौरवान्वित*

# दूसरे जिलों की तर्ज पर हांसी में भी बनाया जाएगा मेडिकल कॉलेज : मनोहर लाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

राजकीय महाविद्यालय के प्रांगण में सोमवार को हांसी जिले का प्रथम जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन हुआ। इसमें केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को फहराया और परेड की सलामी ली। इससे पहले उन्होंने शहीदी स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को नमन किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आज ही के दिन 76 साल पहले हमारे देश में गणतंत्र का नया सूर्य उदय हुआ था और हमें दुनिया के सबसे बड़े गणतंत्र के नागरिक होने का गौरव प्राप्त हुआ। उन्होंने देश की आजादी के लिए मर मिटने वाले अमर जवानों, वीर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि राष्ट्र हमेशा उनका ऋणी रहेगा। मनोहर लाल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विगत 16 दिसंबर 2025 को हांसी में आयोजित विकास रैली में हांसी को जिला बनाने की घोषणा की थी। उस घोषणा के बाद हांसी हरियाणा प्रदेश के 23 में जिले के रूप में अस्तित्व में आया है। हांसी के लोग वर्षों से जिला बनाने की मांग कर रहे थे इसी के साथ उनकी मांग पूरी हो गई है। उन्होंने कहा कि नए बने 23 में जिले हांसी में ध्वजारोहण करते हुए मुझे बड़े गौरव का अनुभव हो रहा है मुझे खुशी है कि जिला बनने के बाद इस पहले गणतंत्र दिवस समारोह पर मुझे आप सभी लोगों के बीच आने का अवसर मिला।


**हांसी।** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को स्मृति चिह्न प्रदान करते डीसी राहुल नरवाल उनके साथ हैं विधायक विनोद भयाना व एसडीएम राजेश खोथ।

### भारत बने मेडिकल हब

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि भारत दुनिया का मेडिकल हब बने ताकि हर बीमार व्यक्ति को घर द्वार के आसपास ही चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए हरियाणा प्रदेश के हर जिला में मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं। और अन्य जिलों की तर्ज पर ही हांसी जिले में भी मेडिकल कॉलेज बनेगा। प्रदेश में 17 मेडिकल कॉलेज बन चुके हैं व तीन निर्माणाधीन है।

### विकास की गति तेज हो

विधायक विनोद भयाना ने केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का हांसी को जिला बनवाने को लेकर किए गए ठोस सकारात्मक प्रयासों के लिए हांसी की जनता की ओर से आभार जताया। उन्होंने कहा कि हांसी जिला बन चुका है अब इसका तेजी से विकास करना है। उन्होंने उन्होंने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से आग्रह किया कि जिला में विकास की गति को और तेज किया जाए।

### शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को किया सम्मानित

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया व उनसे संवाद स्थापित किया। समारोह में क्षेत्र के सात स्कूलों की सांस्कृतिक टीमों द्वारा देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत प्रस्तुतियां दी। डीसी राहुल नरवाल ने मुख्य अतिथि को समारोह में फहराया राष्ट्रीय ध्वज चित्र स्मृति चिह्न के रूप में भेंट किया।

### यह रहे उपस्थित

समारोह में एडीजीपी कृष्ण कुमार राव, डीसी राहुल नरवाल, एसपी अमित यशवर्धन, एसडीएम राजेश खोथ, पूर्व राज्यसभा सांसद डीपी वत्स, नगर परिषद के प्रधान प्रवीण इलाहाबादी, राजपाल यादव, विधायक विनोद भयाना के राजनीतिक सलाहकार दिनेश भूटानी, नेहा धवन, डीएसपी सिद्धार्थ, तहसीलदार अनिल कुमार बिढान, मार्केट कमेटी के अध्यक्ष दिनेश धवन, उप प्रधान सुरजीत गुर्जर, अनिल बंसल, सुरेश कुमार, साहिल भयाणा, नवीन ठाकुर व धर्मवीर रतेरिया आदि थे।



## गांधी टॉक्स का ट्रेलर रिलीज, बिना बोले दमदार कहानी दिखाती है फिल्म

**मुंबई।** विजय सेतुपति की आगामी साइलेंट फिल्म 'गांधी टॉक्स'का ट्रेलर रिलीज हो गया है। साइलेंट फिल्म होने के नाते ट्रेलर में एक भी डायलॉग नहीं है। लेकिन हां, एआर रहमान का संगीत ट्रेलर को रोमांचक बनाता है। । 'गांधी टॉक्स' 30 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर आपको चार्ली चैपलिन की फिल्मों के दौर की भी याद दिलाएगा। ट्रेलर से पता चलता है कि कहानी के केंद्र में विजय सेतुपति हैं। ट्रेलर फिल्म को लेकर लोगों का उत्साह बढ़ाता है। यह फिल्म बेरोजगार विजय सेतुपति की कहानी है, जिसे अपने घर के सामने रहने वाली पड़ोसी अदिति राव से प्यार हो जाता है। दूसरी कहानी करोड़पति अरविंद स्वामी की है, जो अपनी सारी दौलत खो देता है।

लाइफ Style



## मिमी

### स्टेज परफॉर्मेंस के दौरान उत्पीड़न का लगाया आरोप

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मिमी चक्रवर्ती ने एक लाइव स्टेज शो के दौरान उत्पीड़न और अपमान का आरोप लगाया है। यह घटना रविवार को बनगांव शहर के नयाग्राम इलाके में हुए एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में हुई। मिमी की शिकायत के अनुसार, आयोजकों में से एक व्यक्ति तन्मय शास्त्री स्टेज पर चढ़ गया। उसने मिमी की परफॉर्मेंस को बीच में रोक दिया।

मिमी ने कहा कि इस घटना से उन्हें बहुत अपमान और बुरा लगा। उन्होंने ईमेल के जरिए बनगांव पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दी। दूसरी तरफ, आयोजक युवक संघ क्लब ने इन आरोपों से इनकार किया है। उनका कहना है कि मिमी तय समय से करीब एक घंटा लेट आईं। तन्मय शास्त्री ने कहा, 'कार्यक्रम की इजाजत सिर्फ आधी रात तक की थी। इलाके में छात्रों की बोर्ड परीक्षाएं होने वाली हैं, इसलिए कार्यक्रम को समय पर रोकना पड़ा। हमने मिमी का अपमान नहीं किया और न ही उन्हें परेशान किया। उनके आरोप बिल्कुल गलत हैं।' उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मिमी के बॉडीगार्ड्स ने क्लब की महिला सदस्यों के साथ बदतमीजी की, जो रात 11:45 बजे उन्हें सम्मान देने स्टेज पर आई थीं। तन्मय शास्त्री ने आगे कहा, 'हमें पता है कि मिमी एक बड़ी स्टार हैं, लेकिन अगर हम रात 12 बजे के बाद कार्यक्रम चलाते तो पुलिस खुद आकर बंद करवा देती और हम पर केस करती। अगर मिमी को कोई गलतफहमी हुई है या उन्हें बुरा लगा है, तो हम इसके लिए माफी मांगते हैं।' पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। मिमी चक्रवर्ती एक भारतीय बंगाली अभिनेत्री, गायिका और पूर्व राजनीतिज्ञ हैं।

हॉलीवुड मसाला



## अभिनेत्रियों को समझा जाता है कठपुतली

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड में अक्सर ही अभिनेत्रियों के साथ होने वाले व्यवहार पर बहस होती है। इसको लेकर कई अभिनेत्रियों ने सवाल भी उठाए हैं। लेकिन, अब 'ट्विलाइट' फेम अभिनेत्री क्रिस्टन स्टीवर्ट ने हॉलीवुड में अभिनेत्रियों के साथ होने वाले व्यवहार पर बात की है। साथ ही उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री में अभिनेत्रियों के साथ कठपुतलियों जैसा व्यवहार किया जाता है। क्रिस्टन स्टीवर्ट ने कहा कि इंडस्ट्री में एक्ट्रेस के साथ बहुत बुरा बर्ताव किया जाता है। मुझे आपको बताना ही होगा।



## लोलापलूजा इंडिया में मिले प्यार पर जताया आभार...

**मुंबई।** लोलापलूजा इंडिया 2026 की परफॉर्मेंस के दौरान भारत के लोगों ने ब्रिटिश कलाकार यंगब्लड को काफी प्यार दिया है। इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर भारत के लोगों का आभार जताया है। मुंबई में लोलापलूजा इंडिया 2026 की शानदार परफॉर्मेंस के बाद यंगब्लड ने अपने सभी भारतीय फैंस को धन्यवाद दिया है। ब्रिटिश कलाकार ने लोलापलूजा इंडिया के पहले दिन अपने परफॉर्मेंस से मुंबई की भीड़ को मंत्रमुग्ध कर दिया। परफॉर्मेंस के कुछ घंटों बाद, यंगब्लड ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने मुंबई शो की कई तस्वीरें और वीडियो शेयर किए। इसके साथ उन्होंने एक पोस्ट लिखी। इंस्टाग्राम पर यंगब्लड ने भारत के लोगों का आभार जताते हुए एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि वह अपने फैंस से मिल रहे हैं। फैंस उन्हें गले लगा रहे हैं।



## संजय-नीना फिर बने मिस्ट्री थ्रिलर का हिस्सा

**मुंबई।** नीना गुप्ता और संजय मिश्रा की फिल्म 'वध 2' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस बार फिल्म में थ्रिल डबल होने वाला है। एक बार फिर से नीना और संजय मिश्रा एक हत्या को लेकर जांच के दायरे में है। साल 2022 में फिल्म वध रिलीज हुई। छोटे बजट की इस फिल्म ने दर्शकों को चौंकाया, क्रिटिक्स ने भी फिल्म को सराहा है। फिल्म 'वध 2' के ट्रेलर में एक जेल गार्ड शंभूनाथ के रोल में संजय मिश्रा नजर आते हैं। वह जेल की एक कैदी मंजू सिंह (नीना गुप्ता) के करीब आते हैं। दोनों के बीच एक अलग तरह का रिश्ता बनता है। लेकिन इसी बीच जेल में कैदी गायब हो जाता है। वह कैदी कहां गया? उसके गायब होने से संजय मिश्रा और नीना गुप्ता के किरदारों का क्या कनेक्शन है, यही पूरी फिल्म की कहानी है। फिल्म 'वध 2' 6 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




## वेलकम टू... की रिलीज डेट का ऐलान...

**मुंबई।** बस पांच महीने का इंतजार और फिर सिनेमाघरों में होगा धमाल! जी हां, क्योंकि 'वेलकम टू द जंगल' की रिलीज डेट सामने आ गई है। कॉमेडी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' जून में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। यह मल्टीस्टारर फिल्म 26 जून को रिलीज होगी। 'वेलकम' फ्रेंचाईजी की यह तीसरी किस्त है और काफी मजेदार होने वाली है। इसमें अक्षय कुमार के अलावा कई और शानदार सितारे नजर आएंगे। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' के निर्देशन की कमान अहमद खान ने संभाली है। इसमें अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ सहित करीब 30 सितारे नजर आएंगे। रवीना टंडन, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, अरशद वारसी, परेश रावल, राजपाल यादव, जॉनी लीवर, आफताब शिवदासानी, लारा दत्ता, श्रेयस तलपड़े, तुषार कपूर, और दलेर मेहंदी भी फिल्म में अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

टीवी मसाला



## लाफ्टर शेफ 3 की विनर बनी कृष्णा और अली की टीम

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'लाफ्टर शेफ 3' की विनिंग टीम सामने आ चुकी है। अली गोनी, कृष्णा अभिषेक, कश्मीरा शाह, समर्थ जुरेल, जन्नत जुबैर और अभिषेक कुमार की टीम 'कांटा' ने इस शो की ट्रॉफी अपने नाम की है। कलर्स चैनल के इंस्टाग्राम पेज पर विनर्स की घोषणा की गई है। कृष्णा अभिषेक की टीम 'कांटा' की टक्कर एल्विश यादव की टीम 'छोरी' से हुई। दोनों टीमों ने अच्छा परफॉर्म किया, बढ़िया खाना बनाया। लेकिन आखिर में विजेता कृष्णा अभिषेक की टीम बनी। इस शो में कॉमेडियन भारती सिंह बतौर होस्ट नजर आती हैं। 'लाफ्टर शेफ' के पहले के दो सीजन भी काफी पॉपुलर रहे हैं। इस शो की थीम दर्शकों को पसंद आती है। प्रतियोगी या कुछ टीम बनाकर टीवी सेलेब्स कुकिंग करते हैं। इस दौरान हंसी-मजाक का खूब तड़का लगता है। इस तरह यह शो काफी मनोरंजन से भरपूर होता है। यह शो इसी वजह से टीआरपी लिस्ट में भी जगह बनाने में कई बार कामयाब हुआ है।

## 'द 50' में मनीषा और रजत की हुई एंट्री

**नई दिल्ली।** जल्द ही टीवी पर एक नया रियलिटी शो 'द 50' आने वाला है। इस शो का हिस्सा सेलिब्रिटी कपल युविका चौधरी और प्रिंस नरुला बन रहे हैं। हाल ही में इंफ्लुएंसर मनीषा रानी और रजत दलाल की एंट्री भी इस शो में हुई है। दोनों ने अपना गेम प्लान बताया है। धीरे-धीरे 'द 50' रियलिटी शो के प्रतियोगियों के नाम सामने आ रहे हैं। हाल ही में एक प्रेस मीट के दौरान रजत दलाल और मनीषा रानी से शो के बारे में बात की। मनीषा रानी ने कहा, 'हम जहां खड़े हो जाते हैं, लाइन वहीं से शुरू होती है।'वह इस रियलिटी शो को लेकर काफी एक्साइटेड दिख रही हैं। वहीं रजत दलाल ने भी कहा कि वह शो में फरमाइश नहीं करने जा रहे हैं, वह गेम खेलने जा रहे हैं। इस तरह यह दोनों ही प्रतियोगी 'द 50' रियलिटी शो को खेलने के लिए तैयार नजर आ रहे हैं। रजत दलाल और मनीषा रानी के अलावा फिल्म एक्ट्रेस युविका चौधरी भी 'द 50' की प्रेस मीट में नजर आईं। वह कई साल बाद किसी रियलिटी शो का हिस्सा बन रही हैं।



## 'आशिकों की कॉलोनी' में थिरकते नजर आए शाहिद, दिशा ने लगाई आग

**मुंबई।** शाहिद कपूर की अपकमिंग फिल्म ओ रोमियो इन दिनों चर्चा में है। मंगलवार को इस फिल्म का नया गाना 'आशिकों की कॉलोनी' रिलीज हुआ। इस गाने में शाहिद कपूर और दिशा पाटनी का अंदाज पर फैंस फिदा हो गए। विशाल भारद्वाज की अपकमिंग फिल्म 'ओ रोमियो' 13 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। इस फिल्म का ट्रेलर जब से रिलीज हुआ है, तब से सोशल मीडिया पर 'ओ रोमियो' चर्चा का विषय है। अब इस फिल्म का नया गाना भी ट्रेंड कर रहा है। 'आशिकों की कॉलोनी...' गाने में दिशा पाटनी ने आइटम डांस किया है। साथ ही शाहिद कपूर भी अपनी डांसिंग स्किल दिखाते नजर आ रहे हैं। 'आशिकों की कॉलोनी...' गाने में दिशा पाटनी के साथ शाहिद कपूर गजब का डांस कर रहे हैं। गाने में एक जगह वह माइकल जैक्सन की पॉपुलर डांस स्टेप 'मून वॉक' को करते नजर आए। डांस करते हुए शाहिद कपूर की एनर्जी देखने लायक है। इस गाने के संगीतकार विशाल भारद्वाज हैं। गीतकार गुलजार ने इस गाने को लिखा है। गाने में मधुबंती बागची और जावेद अली की आवाज है। 'आशिकों की कॉलोनी...' गाने के म्यूजिक अरेंजर और प्रोड्यूसर मेघदीप बोस हैं।



'ओ रोमियो'का निर्देशन विशाल भारद्वाज ने किया है। फिल्म में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी के अलावा नाना पाटेकर, विक्रांत मैसी, तमन्ना भाटिया, दिशा पाटनी, अविनाश तिवारी और फरीदा जलाल जैसे एक्टर्स अहम किरदारों में नजर आएंगे।

## बैटल ऑफ गलवान के सेट पर लौटे सलमान

*सलमान खान की अपकमिंग वॉर फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का टीजर पिछले साल उनके जन्मदिन, 27 दिसंबर को जारी किया गया था। इसी के साथ फिल्म की रिलीज डेट को लेकर भी अनाउंसमेंट किया गया। दिसंबर में फिल्म की शूटिंग पूरी हो गई थी। खबरों के मुताबिक सलमान अब एक एक्स्ट्रा शूटिंग के लिए सेट पर लौट आए हैं।*

**मुंबई।** सलमान खान, निर्देशक अपूर्व लखिया और पूरी टीम फिल्म के लिए अब पैचवर्क के काम में जुट रहे हैं। इसके अलावा वे कुछ नए सीन भी जोड़ रहे हैं, जिनमें से कुछ में एक्शन सीन भी शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक, ये 15 दिनों का शेड्यूल है और पैचवर्क पहले से ही तय था। खबर है कि एडिशनल शूटिंग इसलिए हुई, क्योंकि फिल्म के मेकर्स और सलमान को लगा कि ये सीन कहानी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है और इनसे फिल्म का प्रभाव बढ़ेगा। सलमान कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते और यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि 'बैटल ऑफ गलवान' दर्शकों के लिए एक शानदार अनुभव साबित हो। इसी के चलते उन्होंने एडिशनल शूटिंग के लिए सहमति दी।

फिल्ममेकर्स को पूरा भरोसा है कि फिल्म 17 अप्रैल को तय रिलीज डेट से काफी पहले तैयार हो जाएगी। वहीं, फिल्म का पहला गाना 'मातृभूमि' हाल ही में 24 जनवरी को रिलीज हुआ था। इस फिल्म में लीड रोल में सलमान खान और चित्रांगदा सिंह लीड रोल में हैं। फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' कर्नल बिक्कुमल्ला संतोष बाबू की कहानी है और इस भूमिका को पर्दे पर जीते दिखेंगे सलमान खान। 15 जून, 2020 के तनावपूर्ण बैकग्राउंड पर बेस्ड ये फिल्म 'कोविड-19' महामारी के दौरान गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुए वीर संघर्ष की कहानी बयां करती है।



### आलीशान बंगला, लग्जरी गाड़ियां सब बिक गईं

## भारत भूषण को जुनून ने बनाया राजा से रंक!

*नई दिल्ली। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री चमक-दमक की दुनिया है। इसने किसी को रंक से राजा बनाया तो कभी राजा बनाकर सबकुछ छीन भी लिया। एक ऐसे ही एक्टर थे भारत भूषण। जो अपने पिता की मर्जी के खिलाफ एक्टर बने। 10 साल के संघर्ष के बाद स्टारडम मिला। जब पैसा, शोहरत सब मिल गया तो एक फैसले ने उन्हें वापस फर्श पर लाकर पटक दिया। आप शायद ही जानते होंगे कि 'आशीर्वाद' बंगला इन्हीं का था, जिसे राजेंद्र कुमार और राजेश खन्ना दोनों ने खरीदा था। और ये बंगाल शापित माना जाता है। कहते हैं कि जैसे ही ये तीनों स्टार्स इस घर में आए, इनका बुरा समय शुरू हो गया। भारत भूषणगुप्ता। जिन्हें भारत भूषण के नाम से जाना गया। 14 जून 1920 में मेरठ, उत्तर प्रदेश में उनका जन्म हुआ, लेकिन परवरिश अलीगढ़ में हुई। उनके पिता रायबहादुर मोतीलाल मेरठ के सरकारी वकील और इलाहाबाद में सुप्रीम कोर्ट के जज थे। भारत का एक बड़ा भाई भी था। जब वो दो साल के थे, तब मां का निधन हो गया। इसके बाद वो अपने नाना के पास अलीगढ़ चले गए थे। वहीं पर ग्रेजुएशन तक की पढ़ाई की।*



### एक्टिंग के खिलाफ थे भारत के पिता

भारत के बड़े भाई फिल्म प्रोड्यूसर और हाई कोर्ट जज रमेश चंद्र गुप्ता थे, जिनका लखनऊ में आइडियल स्टूडियो था। पढ़ाई के बाद उन्होंने पिता की मर्जी के खिलाफ जाकर एक्टिंग शुरू की। सिनेमा में काम करने के लिए पहले वो कोलकाता गए। बाद में मुंबई का रुख किया।

### डेब्यू मूवी

भारत भूषण ने 1941 में सुपरहिट फिल्म 'चित्रलेखा' में छोटा सा किरदार निभाकर अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। पर केदार शर्मा की सुपरहिट फिल्म में काम करने के बावजूद उनका कॅरियर आगे नहीं बढ़ पाया। वो उनकी एक और फिल्म 'सुहाग रात' में भी नजर आए थे। पर उनकी बाकी फिल्में कमर्शियली अच्छा परफॉर्म नहीं कर पाईं।

### 11 साल बाद मिला स्टारडम

साल 1952। विजय भट्ट की 'बैजू बावरा' में वो लीड रोल में नजर आए। फिल्म ब्लॉकबस्टर रही और भारत भूषण भरोसेमंद स्टार बन गए। इसी साल 'मां' और 'आनंद मठ' जैसी सफल फिल्मों में उनके स्टारडम को मजबूत कर दिया। 1953 में 'लड़की' के साथ एक और ब्लॉकबस्टर दी। ये उस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फइल्म थी, जिसमें वैजयंतीमाला, किशोर कुमार और अंजलि देवी थीं।

### 10 साल में 35 फिल्में

1941 में चित्रलेखा फिल्म से शुरुआत की। 1942 से 1950 तक भक्त कबीर, भाईचारा, सुहाग रात, उधार, भाई बहन जैसी फिल्मों में नजर आए। 1951 से 1960 तक, 10 साल में 35 फिल्में कीं, जिनमें बैजू बावरा, मां, आनंद मठ, लड़की, कवि, मिर्जा गालिब, अमानत, कल हमारा है, घूंघट, बरसात की रात जैसी फिल्में शामिल हैं।

### प्रोड्यूसर भी बने

1961 में कोई फिल्म नहीं रिलीज हुई। 1962 से 1980 तक 19 फिल्मों में नजर आएं। अब तक वो स्क्रिप्ट भी लिखने लगे थे और प्रोड्यूसर भी बन गए थे। 1991 में 'सौ करोड़' में उन्होंने पिता का रोल निभाया था, वो भी कैमियो में। उनकी मौत के बाद 1992 और 1993 में हमशक्ल और आखिरी चेतावनी रिलीज हुई थी।

### बेचना पड़ा आशीर्वाद बंगला

भारत भूषण का बॉम्बे के बांद्रा इलाके में एक बंगला था। इसका नाम 'आशीर्वाद बंगला' था। कहते हैं कि भाई के कहने पर भारत भूषण ने जब प्रोडक्शन की दुनिया में कदम रखा तो उन्हें बहुत नुकसान हुआ। उनकी सिर्फ दो फिल्में सफल रहीं, बाकी फ्लॉप हो गईं। उन्हें अपना बंगला बेचना पड़ा। इसे उन्होंने राजेंद्र कुमार को बेचा। बाद में राजेंद्र कुमार ने राजेश खन्ना को बेचा था। इस तरह से ये बंगला 3 फेमस फिल्म स्टार्स का घर रहा।

### *रामायण में बने तुलसीदास*

*भारत भूषण को रामानंद सागर की 'रामायण' में भी देखा गया था। उन्होंने गोस्वामी तुलसीदास का किरदार निभाया था।*

### *मेरठ में हुई थी शादी*

*पर्सनल लाइफ की बात करें तो उन्होंने मेरठ के जाने-माने परिवार और जमींदार की बेटी सरला से शादी की थी। उनकी दो बेटियां थीं- अनुराधा और अपराजिता। अनुराधा को पोलियों से जुड़ी दिक्कतें थीं। भारत की पत्नी सरला की 1960 में दूसरे बच्चे को जन्म देते वक्त लेबर कॉम्प्लिकेशन के कारण मौत हो गई।*

### *दूसरी शादी*

*इसके बाद 1967 में भारत भूषण ने दूसरी शादी की। उन्होंने एक्ट्रेस रत्ना से ब्याह रचाया, जो 'बरसात' में उनकी को-स्टार थीं। भारत की बेटी अपराजिता ने भी फिल्मों में काम किया। पति की अचानक मौत के बाद उन्होंने एक्टिंग में कदम रखा था। वो रामायण में मंदोदरी बनी थीं।*

## खबर संक्षेप

### हनुमान मंदिर में बाबा रामदेव मेला आज

**हिसार।** ब्रह्मलीन भक्त भागीरथ उर्फ लीलूराम द्वारा गांव कैमरी में वाटर वर्क्स के नजदीक स्थापित किए गए बाबा रामदेव हनुमान मंदिर में 28 जनवरी को बाबा रामदेव के 47वें वार्षिक मेले का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के पुजारी कर्ण सिंह ने बताया कि आज रात्रि 9 बजे जम्मा जागरण किया जाएगा। अगले दिन प्रातः 5 बजे आरती एवं भंडारे का भोग लगाया जाएगा तथा सायं तक मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में कई तरह की स्टालें लगाई जाएंगी। मंदिर में दिनभर भंडारा भी चलाया जाएगा।

### स्वच्छता अभियान से एनएसएस शिविर का आरंभ

**हिसार।** राजकीय महिला कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई-I एवं इकाई-II की ओर से एक दिवसीय एनएसएस शिविर आयोजित किया गया। शिविर की शुरुआत स्वच्छता अभियान से हुई, जिसमें एनएसएस स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर के पार्कों की सफाई की। स्वयंसेवकों ने पार्कों से प्लास्टिक बोतलें, पॉलीथिन और अन्य कचरा एकत्रित कर स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर आधार हॉस्पिटल की प्रसिद्ध डायटीशियन डॉ. आरती शर्मा ने संसाधन व्यक्ति के रूप में अपने विचार साझा किए।

### कबड्डी प्रतियोगिता में गांव भाटला रहा प्रथम

**हिसार।** अमित पहलवान की याद में गांव खरड़-अलीपुर में लड़के व लड़कियों की दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता के प्रथम दिन शनिवार को लड़कियों की प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें पूरे हरियाणा से 18 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के आयोजक महेश मास्टर ने बताया कि प्रतियोगिता में कड़े मुकाबले में लड़कियों में गांव राखी गढ़ी की टीम ने पहला तथा गांव भाटला की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। लडक़ों की टीम में गांव बनभौरी की टीम ने पहला और गांव बास की टीम ने दूसरे स्थान हासिल किया।

### सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ

**हिसार।** गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की ओर से आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन समारोह दयानंद कॉलेज में हुआ। यह शिविर महाविद्यालय के दत्तक क्षेत्र सत्य नगर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं एनएसएस समन्वयक डॉ. महावीर प्रसाद एवं डॉ. पंकज कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कॉलेज की एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. छवि मंगला, डॉ. इंद्रजीत सिंह तथा डॉ. चेतन शर्मा की विशेष उपस्थिति रही।

### उपमंडल अधिकारी के खिलाफ किया प्रदर्शन

**बरवाला।** बिजली निगम के प्रांगण में लगातार नौंवे दिन ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन द्वारा उपमंडल अधिकारी के खिलाफ जमकर नारेबाजी व रोष प्रदर्शन किया गया। जिसका संचालन सब यूनिट सचिव राधेश्याम व अध्यक्षता प्रधान अश्वनी पूनिया द्वारा की गई। । इस मौके पर राज्य कार्यकारिणी से उपप्रधान जगमिंदर पूनिया, सूबे सिंह कादयान, विजेंद्र पूनिया, रविन्द्र बिश्नोई, मुकेश गौतम, सुरेंद्र सिंह, जयबीर खेदड़, कुलदीप पंघाल आदि मौजूद रहे।

### विकास गौड़ शहरी मंडल अध्यक्ष नियुक्त

**हिसार।** न्यू ऋषि नगर निवासी विकास गौड़ को भाजयुमो का हिसार शहरी मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी यह नियुक्ति भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष हर्ष बामल ने मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़, जिला प्रभारी जवाहर सैनी, युवा मोर्चा के प्रदेश प्रभारी व पूर्व विधायक भव्य बिश्नोई, युवा मोर्चा के जिला प्रभारी अक्षय दहिया से विचार विमर्श करने उपरांत की है। कार्यक्रम के दौरान यहां पहुंचे प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने विकास गौड़ का भारतीय जनता युवा मोर्चा का हिसार शहरी मंडल अध्यक्ष नियुक्त होने पर उनका बुक्का देकर अभिनंदन किया।

---

### पूर्व सरपंच के नेतृत्व में बुजुर्गों ने सचिवालय के गेट पर दिया धरना

# वृद्धावस्था पेंशन बंद होने पर जमावड़ी के ग्रामीणों में गुस्सा

**जिला सचिवालय में किया प्रदर्शन, एसडीएम और पूर्व सरपंच हंसराज के बीच तीखी बहस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



हांसी। जिला सचिवालय में रोष प्रदर्शन करती ग्रामीण महिलाएं और पुरुष।

निकटवर्ती गांव जमावड़ी के ग्रामीणों ने वृद्धा अवस्था पेंशन काटे जाने के विरोध में मंगलवार को पूर्व सरपंच हंसराज के नेतृत्व में जिला सचिवालय के मुख्य प्रवेश द्वार पर धरना दिया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों का कहना था कि बिना किसी पूर्व सूचना के उनकी पेंशन बंद कर दी गई, जिससे बुजुर्गों और गरीब परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

प्रदर्शन की सूचना मिलने पर एसडीएम राजेश खोथ मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से बातचीत की। इस दौरान एसडीएम और पूर्व सरपंच हंसराज के बीच तीखी बहस हो गई।

विवाद का कारण एक नेत्रहीन बुजुर्ग थे, जिनकी पेंशन बंद हो चुकी थी और वे धरने पर बैठे थे। एसडीएम ने उन्हें उठाकर अपने कार्यालय ले जाने का प्रयास किया, जिस पर हंसराज ने आपत्ति जताई कि किसी को जबरन कार्यालय नहीं ले जाया जा सकता। इसके बाद एसडीएम ने प्रदर्शनकारियों को शांत करने के लिए पेंशन विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाया। उसके बाद अधिकारियों ने धरने पर मौजूद बुजुर्गों का ब्योरा दर्ज किया।

इस अवसर पर एसडीएम राजेश खोथ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रभावित लोगों के रिकॉर्ड की जांच की जाए और पेंशन काटने के कारणों का पता लगाया जाए। तथा पात्र लोगों की बंद पेंशन जल्द बहाल करने के आदेश भी दिए।

**पेंशन बंद होने से आजीविका पर संकट**

ग्रामीणों का नेतृत्व कर रहे हंसराज ने बताया कि गांव के कई परिवार आर्थिक रूप से कमजोर हैं और बुजुर्ग पेंशन पर निर्भर हैं। पेंशन बंद होने से उनके सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय अधिकारी यह कहकर जिम्मेदारी से बच रहे हैं कि पेंशन चंडीगढ़ स्थित मुख्य कार्यालय से काटी गई है।

**क्या बोले अधिकारी**

अधिकारियों के अनुसार, फैमिली आईडी में आय, चार पहिया वाहन या मेरी फसल मेरा ब्यौरा योजना के तहत आय अधिक दर्शाने के कारण पेंशन रोकी गई है। वहीं पूर्व सरपंच हंसराज का कहना था कि कई मामलों में यह जानकारी गलत है। उनके मुताबिक, गांव के लगभग 150 से 200 लोगों की पेंशन बंद कर दी

---



हांसी। जिला सचिवालय में धरनारत किसानों को संबोधित करते किसान नेता तथा एसडीएम राजेश खोथ को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते किसान प्रतिनिधि फोटो : हरिभूमि

# फसलों के मुआवजे की मांग को लेकर किसानों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

अखिल भारतीय किसान यूनियन एकता, हरियाणा के बैनर तले आसपास के किसानों ने मंगलवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिला सचिवालय में जोरदार प्रदर्शन किया। इससे पूर्व किसानों ने जाट धर्मशाला में बैठक कर रणनीति बनाई और इसके बाद पैदल मार्च करते हुए जिला सचिवालय पहुंचे। ओर वहां किसानों ने प्रशासन व सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरना दिया और एसडीएम राजेश खोथ को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

एसडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में किसानों ने कहा कि खेती की लागत लगातार बढ़ रही है, जबकि मार्केट में फसलों के उचित दाम नहीं मिल रहे। उन्होंने खराब फसलों का समय पर मुआवजा न मिलने, बिजली-पानी की कमी और सरकारी योजनाओं का लाभ सही तरीके से न मिलने पर नाराजगी जताई। किसानों का कहना था कि इन कारणों से वे आर्थिक संकट और कर्ज के बोझ से जूझ रहे हैं।

**एमएसपी पर खरीद और मुआवजे की मांग**

किसानों की प्रमुख मांगों में सभी फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद सुनिश्चित करना शामिल है। उन्होंने खराब फसलों का तुरंत मुआवजा देने, सिंचाई और बिजली आपूर्ति में सुधार करने की भी मांग की। इसके अलावा, किसानों ने बुजुर्गों की पेंशन और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने की अपील की।

**हाई टेंशन तारों से प्रभावित किसान**

किसानों ने डाटा और मसूदपुर क्षेत्र से गुजर रही बिजली की हाई टेंशन तारों से प्रभावित जमीनों के उचित मुआवजे की भी मांग की। उनका कहना था कि जमीन अधिग्रहण या उपयोग के बावजूद किसानों को पर्याप्त मुआवजा नहीं मिल रहा, जिससे आर्थिक नुकसान हो रहा है। उन्होंने राजस्थान की तर्ज पर मुआवजा देने की मांग रखी।

**करेंगे बड़ा आंदोलन**

प्रदर्शन को किसान नेता अभिमन्यु, एडवोकेट हर्षदीप गिल और दशरथ मालिक सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द किसानों की मांगें नहीं मानीं, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

---

## अधेड़ व्यक्ति ने कमरे में फंदा लगा की आत्महत्या

**नशे में पहले पत्नी-बेटे को घर से निकाला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



हांसी। नागरिक अस्पताल में परिजनों से पूछताछ करती पुलिस।

पीर बाबा कॉलोनी में एक अधेड़ व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान बिहार के समस्तीपुर निवासी 45 वर्षीय अमीउदीन अनवर के रूप में हुई है, जो दिल्ली में ड्राइवर का काम करता था। सूचना मिलने पर डायल 112 और शहर थाना पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां परिजनों के बयान पर इत्तेफाकिया मौत की कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृतक अमीउदीन पांच बच्चों का पिता था। नागरिक अस्पताल में मौजूद मृतक की पत्नी रामूति खातून ने बताया कि रविवार शाम अमीउदीन शराब के नशे में घर लौटा और किसी बात को लेकर उसके साथ झगड़ा शुरू कर दिया। झगड़े के दौरान उसने उसे और एक बेटे को घर से बाहर निकाल दिया और अंदर से कमरे का दरवाजा बंद कर लिया। जिसके बाद उसने कमरे का दरवाजा नहीं खोला। जिसके बाद वह अपने बेटे के साथ रातभर बाहर ही रही, और उसने यह सोचकर दोबारा दरवाजा नहीं खटखटाया कि वह नशे में सो गया होगा। सोमवार सुबह भी जब काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला, तो उन्हें शक हुआ। जिसके बाद उन्होंने पड़ोसियों की मदद से दरवाजा खुलवाया तो अंदर अमीउदीन अपने गमछे से फंदा बनाकर फांसी पर लटका हुआ था। अमीउदीन के पांच बच्चे हैं, जिनमें एक बेटा शादीशुदा है। तीन बेटियां और एक बेटा परिवार के साथ हांसी रहते हैं। परिवार का मुख्य कमाने वाला सदस्य होने के कारण उसकी मौत के बाद परिवार के समक्ष आर्थिक संकट खड़ा हो गया।

### पानी के वार के विवाद में किसान पर हमला, घायल

**हिसार।** सदर क्षेत्र के गांव बुडाक गांव में पानी की वाराबंदी के विवाद में लगभग 70 वर्षीय बुजुर्ग किसान रामफल पर तेजधार हथियार से हमला करके उसे घायल कर दिया गया। पुलिस को दी शिकायत में घायल किसान रामफल ने बताया कि वह रोजाना की तरह अपने खेतों में पैदल घूमने गया था। इसी दौरान रास्ते में उसे गांव का पवन मिला, जिसने उससे पानी की वाराबंदी न करवाने को लेकर सवाल किया और कहा कि वापसी में इस बारे में बात करेगा। रामफल ने बताया कि जब वह कुछ समय बाद घूमकर वापस गांव की ओर आ रहा था तो रास्ते में पवन के साथ मनीष और अजय ने उसका रास्ता रोक लिया। तीनों ने मिलकर उसके साथ गाली-गलौच की और थप्पड़-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान मनीष के हाथ में चाकूनुमा हथियार था, जिससे उसने रामफल के होंठ पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### किसान का खेतों में संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला शव, बेटे ने जताया हत्या का संदेह



**हांसी।** बरवाला रोड़ स्थित गांव चैन्नत के खेतों में मंगलवार को खरकड़ी गांव निवासी 45 वर्षीय किसान दलबीर का शव पड़ा हुआ मिला। दलबीर पिछले तीन दिन से लापता था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और मौके से साक्ष्य एकत्रित कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां पुलिस ने मृतक के बेटे साहिल के बयान पर हत्या की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप मामले की जांच शुरू कर दी। नागरिक अस्पताल में मौजूद मृतक के बेटे साहिल ने बताया कि उसका पिता तीन दिन पहले खेत पर काम के लिए जाने की बात कहकर घर से निकले थे, लेकिन वह तीन दिन तक घर वापस नहीं लौटे। जिसपर परिजनों को लगा कि वह खेतों में ही व्यस्त होंगे। सोमवार को जब परिवार ने दलबीर के मोबाइल पर फोन किया, तो पहले खेत के एक पड़ोसी किसान ने फोन उठाया और उसके बाद उसके बेटे ने लेकिन दोनों बार बात नहीं हो सकी। उसके बाद में मोबाइल फोन बंद मिला, जिससे परिजनों को चिंता हुई। इसके बाद परिवार के सदस्य दलबीर की तलाश में खेत पहुंचे, जहां उनका शव खेत में पड़ा मिला। और उसके जूते और कुछ अन्य सामान थोड़ी दूरी पर पड़ा हुआ था। उसके सिर, चेहरे व नाक पर चोट के निशान व एक हाथ टूटा हुआ था। परिजनों के अनुसार दलबीर ने इसी सीजन में खेती करने के लिए चैन्नत गांव में जमीन हिस्से पर ली थी।



### चलती कार में लगी आग, बचा चालक

**हिसार।** ग्रोवर मार्केट में सोमवार की देर रात एक चलती कार में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि चालक को उसमें से जरूरी कागजात निकालने तक का मौका नहीं मिला। बताया जाता रहा है कि पड़ाव निवासी एक व्यक्ति अपनी रिट्ज कार से किसी काम जा रहा था। जब वह ग्रोवर मार्केट पहुंचा तो कार में से धुआं निकलने लगा। देखते ही देखते कार में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली की व्यक्ति को कार से डॉक्यूमेंट व जरूरी सामान निकालने का समय नहीं पाया और कार कुछ ही मिनटों में पूरी तरह जल गई।

### जेसीबी में लगी भीषण आग, बड़ा हादसा टला

**बरवाला।** बरवाला-टोहाना रोड स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप पर खड़ी एक जेसीबी मशीन में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया लेकिन पेट्रोल पंप कर्मचारियों की तत्परता और सूझबूझ से एक बड़ा हादसा होने से टल गया। जानकारी मिली कि जेसीबी मशीन का चालक सोमवार देर रात मशीन को पेट्रोल पंप पर खड़ा कर उसके अंदर ही बैठा हुआ था। इसी दौरान मशीन के निचले हिस्से से अचानक चिंगारी उठी और देखते ही देखते आग लग गई। आग लगते ही पेट्रोल पंप पर मौजूद कर्मचारियों ने तुरंत स्थिति को भांपते हुए पहले चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद कर्मचारियों ने बिना समय गंवाए आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। आग लगातार भड़कती रही और जेसीबी मशीन पूरी तरह उसकी चपेट में आ गई।

---



### खंड अग्रोहा में ग्रामीण महिला खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**हिसार।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से ग्रामीण महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन खंड अग्रोहा के गांव अग्रोहा स्थित राजीव गांधी खेल स्टेडियम में किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी मंजू राणा ने शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज की महिला हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है और खेलकूद इसमें अहम भूमिका निभाता है। खेल महिलाओं को न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाता है, बल्कि उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत है तो बस उन्हें सही मंच और प्रोत्साहन देने की। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ भी दिलाई गई। खेल प्रतियोगिता के दौरान 100 मीटर, 300 मीटर तथा 400 मीटर दौड़, साइकिल रेस एवं म्यूजिकल चेयर सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विजेता रही महिला खिलाडियों को जिला कार्यक्रम अधिकारी मंजू राणा द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### समाज में बाल विवाह जैसी कुरीतियां जड़ से समाप्त हों : प्रवीण पोपली

**हिसार।** बाल विवाह जैसी कुरीति के खिलाफ जन जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एमडीडी ऑफ इंडिया की ओर से बाल विवाह मुक्ति रथ चलाया गया है। यह जागरूकता रथ नगर निगम कार्यालय भी पहुंचा, जहां मेयर प्रवीण पोपली ने हस्ताक्षर कर अभियान का समर्थन किया। मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि बाल विवाह के विरुद्ध इस प्रकार के प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मेयर ने कहा कि बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को जड़ से समाप्त करने के उद्देश्य से जिले में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य लक्ष्य लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों और बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूक करना है, ताकि समाज में इस कुप्रथा के प्रति सोच में बदलाव लाया जा सके।






### मजदूरों के हितों पर कुठाराघात कर रही है भाजपा सरकार : सुमन शर्मा

**हांसी।** कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि पंडित सुमन शर्मा ने पार्टी द्वारा पूरे देश में चलाए जा रहे मनरेगा बचाओ अभियान के तहत मंगलवार को हांसी विधानसभा क्षेत्र के गांव घिराय के अंबेडकर भवन में लोगों को मनरेगा के अधिकारों व रोजगार से जुड़ी जानकारी देकर जागरूक किया। उन्होंने ग्रामीणों को भाजपा की गरीब-विरोधी नीतियों के बारे में बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार लगातार मनरेगा को कमजोर करने, काम घटाने और मजदूरों के हक पर चोट करने का काम कर रही है जिसके तहत इस योजना में कानूनी बदलाव कर मनरेगा मजदूरों के हितों पर कुठाराघात किया जा रहा है जबकि कांग्रेस पार्टी हमेशा गरीब, किसान व मजदूर के हक़ की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी पूरी ताकत से लड़ेगी।

### हिंदू स्कूल में 10वीं कक्षा के पाठ्यक्रम पर आधारित ओपन परीक्षा आयोजित

**हांसी।** हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को हांसी प्राइवेट स्कूल संघ के तत्वावधान में 10वीं कक्षा के पाठ्यक्रम पर आधारित एक ओपन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें हांसी क्षेत्र के 91 स्कूलों के 1050 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण स्कूटी पुरस्कार रहा, जिसे न्यू एसडी हाई स्कूल, खांडा खेड़ी के विद्यार्थियों ने परीक्षा में प्रथम स्थान हासिल कर अपने स्कूल का नाम रोशन किया। कार्यक्रम में हांसी एसडीएम राजेश खोथ व डीएसपी विनोद शंकर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की वहीं बीईओ हांसी-2 सुरेश यादव व विष्णु शर्मा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता हांसी प्राइवेट स्कूल संघ के अध्यक्ष रविंद्र शर्मा ने की तथा आयोजन को सफल बनाने में पूर्व प्रधान संदीप सांपला की अहम भूमिका रही।



---

**बैठक** जल्द मुख्यालय भेजी जाएगी फाइल : निगमायुक्त

# आई ट्रिपल सी परियोजना को लेकर सिटी लेवल बैठक में आरएफपी पर लगी मुहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। बैठक को संबोधित करते निगमायुक्त नीरज। फोटो : हरिभूमि

शहर को तकनीकी रूप से अधिक सक्षम, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नगर निगम सभागार में आई ट्रिपल सी (इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर) परियोजना को लेकर सिटी लेवल बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता निगमायुक्त नीरज ने की, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लेते हुए परियोजना की प्रगति और आरएफपी (रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल) के प्रारूप पर विस्तार से चर्चा की। बैठक के दौरान आरएफपी दस्तावेज के सभी तकनीकी, वित्तीय और प्रशासनिक पहलुओं की बारीकी से समीक्षा की गई। परियोजना की समयसीमा, चयनित एजेंसी के अनुभव, कार्य की गुणवत्ता, तकनीकी दक्षता और अनुमानित लागत सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार-विमर्श हुआ। निगमायुक्त नीरज ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना से जुड़े सभी बिंदु स्पष्ट, पारदर्शी और व्यवहारिक हों ताकि भविष्य में किसी प्रकार की तकनीकी या प्रक्रियात्मक बाधा न आए। निगमायुक्त नीरज ने बताया कि सभी विभागों की सहमति के बाद आरएफपी के प्रारूप को अंतिम रूप दे दिया गया है।

**ये रहे मौजूद**

अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल, चीफ इंजीनियर बी.के. कर्दम, एसई सतीश गर्ग, एक्सईएन भूपेंद्र सिंह, एक्सईएन रविंद्र जाखड़, एसई एफ.आर. नकवी, बलकार रेड्डू, एसडीओ संजय दुल्हन, एक्सईएन जयवीर डुडी, एक्सईएन अमित कौशिक, एमई अमित बेरवाल, डीएसपी तरुण शर्मा और एई कपिल सिंह सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### डिजिटल होगी जनगणना 2027: डीसी महेंद्रपाल

**हिसार।** उपायुक्त महेंद्र पाल ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा जनगणना 2027 को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है। इस बार जनगणना दो चरणों में संपन्न कराई जाएगी, जिसमें पहला चरण एक अप्रैल से शुरू होकर सितंबर 2026 तक चलेगा, जबकि दूसरा चरण फरवरी 2027 में शुरू किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि यह जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से की जाएगी, जिससे प्राप्त आंकड़े नीति निर्माण, विकास योजनाओं और संसाधनों के बेहतर वितरण में सहायक सिद्ध होंगे। पहले चरण में मकानों और भवनों से संबंधित जानकारी एकत्र की जाएगी, जबकि दूसरे चरण में जनसंख्या की वास्तविक गणना की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में प्रत्येक घर, भवन व संस्थान का विवरण दर्ज किया जाएगा।

---

**आंधी बारिश से उखड़े सैकड़ों बिजली खंभे, फीडर व ट्रांसफार्मर करवाए जा रहे ठीक**

# रिहायशी इलाकों से 33 व 66 केवी की हाइटेंशन लाइनें हटाएंगे: विज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रदेश के जिन क्षेत्रों में कालोनियां बस गई हैं और उनके ऊपर से यदि 33 केवी या 66 केवी की बिजली की तारें जा रही हैं तो उनको हटाने की कोशिश की जा रही है। इसके अलावा गत दिनों आई तेज हवाओं व बारिश के चलते उखड़े हुए खंभों व प्रभावित हुए फीडर व ट्रांसफार्मरों को ठीक किया जा रहा है। उन्होंने उक्त जानकारी तेजली खेल परिसर में आयोजित जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए दी। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि मकान के ऊपर से तार जाने के संबंध में यह देखा जाता है कि पहले तार डाली है या पहले मकान बना है। यदि मकान बाद में बना है तो तार हटवाने का एस्टीमेट जमा करवाना पड़ता है। विज ने कहा कि वैसे मैं कहीं पर भी बिजली को रुकने नहीं देता हूं और इस संबंध में मैं खुद इसकी निगरानी रखता हूं।

**कांग्रेस विदेशी सोच की पार्टी: ऊर्जा मंत्री**

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह जीत का कारवां लगातार चलता ही जा रहा है और यह आगे भी चलता ही रहेगा। उन्होंने राहुल गांधी के प्रशिक्षण कार्यक्रम में आने को लेकर कहा कि राहुल गांधी यहां पर प्रशिक्षण देने आए हैं, लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को जानकारी केवल चुनाव हरवाने की है। विदेशी तो कांग्रेस है और कांग्रेस का जन्म एक अंग्रेज अधिकारी 1885 में एओ हयूम ने किया था। अगर राहुल गांधी यह कहते हैं कि वह बाहर चले गए तो तुम भी बाहर चले जाओगे और यहां पर केवल भाजपा का ही राज रहेगा।

### गवर्नमेंट कॉलेज में जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने फहराया तिरंगा

# संविधान ने दिए समान अधिकार, इसी दिन सबसे बड़ा संप्रभुता संपन्न व लोकतांत्रिक गणराज्य बना भारत



हिसार। गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराते व परेड की सलामी लेते मुख्यातिथि शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा व साथ में मौजूद उपायुक्त महेंद्र पाल, पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन और प्रशासनिक अधिकारी। फोटो: हरिभूमि



हिसार। समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी।

## समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

हरिभूमि न्यूज ⏩हिसार

गणतंत्र दिवस के मौके पर गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत करते हुए राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। इस दौरान डीसी महेंद्र पाल तथा एसपी शशांक कुमार सावन भी मौजूद थे। समारोह में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि संविधान में प्रत्येक नागरिक को समान न्याय, स्वतंत्रता और समानता का अधिकार प्रदान किया। संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर सहित संविधान सभा के तमाम सदस्यों को नमन करते हुए उन्होंने कहा कि इसी संविधान ने हमें न्याय, स्वतंत्रता, समानता के मौलिक अधिकार दिए। इसी दिन भारत विश्व का सबसे बड़ा संप्रभुता सम्पन्न, लोकतांत्रिक गणराज्य बना। आज देश ने मिसाइलें ही नहीं बनाई, बल्कि चन्द्रयान, सूर्ययान और मंगलयान जैसे मिशन भी सफलतापूर्वक संचालित किए हैं।

भारत चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान 3 उतारने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। देश की सीमाओं की सुरक्षा करने वाले वीर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि युद्ध के दौरान शहीद हुए हरियाणा के सैनिकों और अर्धसैनिक बलों के जवानों तथा अग्निवीरों की अनुग्रह राशि एक करोड़ रुपये कर दी गई है। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने प्रदेश सरकार की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

### रंगारंग प्रस्तुतियां रहीं आकर्षण का केंद्र

समारोह के दौरान विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इन प्रस्तुतियों ने उपस्थितजनों का मन मोह लिया। विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने पीटी शो का भव्य प्रदर्शन किया। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कार्यक्रम के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों, लोकतंत्र सेनानियों तथा उनके परिजनों को सम्मानित भी किया। समारोह में प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को भी सम्मानित किया गया। शिक्षा विभाग से लक्ष्मण श्योराण को विभिन्न आयोजनों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए सम्मानित किया गया।

### यहां मनाया गया गणतंत्र दिवस

एचएयू, एलएलआरयू, जीजेयू, उत्तरी क्षेत्र कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान (टीटीसी) गवर्नमेंट वुमन कॉलेज, गवर्नमेंट कॉलेज नलवा, गवर्नमेंट कॉलेज मंगाली, दयानंद ब्रह्म महाविद्यालय, गुरु दक्ष आईटीआई आर्यनगर, हिसार न्यायालय परिसर, आयकर भवन, नगर निगम कार्यालय, मुख्य डाकघर, कांग्रेस भवन, ऑटो मार्केट, मोक्ष वृद्धाश्रम, बगला रोड स्थित कृष्ण प्रणामी स्कूल, डीपीएस, बी.डी. मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रावमावि भिवानी रोहिल्ला, रावमावि खैरी, रामावि गांधीनगर, जामा मस्जिद, विजय नगर स्थित कुम्हार धर्मार्थ ट्रस्ट भवन, सर्व समाज मोक्ष धाम ट्रस्ट, श्री श्याम मंदिर सेक्टर 16-17, भामाशाह नगर समेत कई जगह गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया।

### पुलिस की महिला प्लाटून रही प्रथम

समारोह में जिला पुलिस की महिला प्लाटून की टुकड़ी ने परेड में प्रथम रही। एनसीसी एयर विंग प्लाटून एक वरिष्ठ मंडल की टुकड़ी ने दूसरा व प्लाटून एनसीसी सीनियर डिवीजन बॉयज की टुकड़ी ने तीसरे स्थान पाया। इसी प्रकार जिला आयुष विभाग की झांकी ने प्रथम स्थान, नगर निगम हिसार की झांकी ने दूसरा व रेडक्रॉस हिसार की झांकी ने तीसरा स्थान हासिल किया।



## केंद्रीय मंत्री ने इंस्पेक्टर रमेश कुमार को किया सम्मानित

नारनौंद। बांग्लादेशियों को डिपोट करने ओर बेहतरीन कानून व्यवस्था रखने को लेकर नारनौंद के थाना प्रभारी रमेश कुमार को गणतंत्र दिवस पर केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। पिछले एक महीने के दौरान हुए राखीगढ़ी महोत्सव में सुरक्षा का जिम्मा पूरी तरह से थाना प्रभारी ने संभाला हुआ था, वहीं चीफ जस्टिस सूर्यकांत के कार्यक्रम में भी नारनौंद और गांव पेटवाड़ के स्वागत कार्यक्रम में भी कड़ी चाक चौबंद सुरक्षा से आयोजन को सफलता पूर्वक सम्पन्न करवाया। उन्होंने गांव हाजमपुर के पास 65 अवैध बांग्लादेशी नागरिकों का पता लगाकर सरकार की हिदायतों के अनुसार उन्हें सफलतापूर्वक देश से बाहर भेजने का सहरानीय काम किया।



## भारत का संविधान श्रेष्ठतमः जिंदल

बरवाला। गणतंत्र दिवस पर भव्य समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए विधायक सावित्री जिंदल ने कहा कि भारत का संविधान दुनिया के श्रेष्ठतम संविधानों में शामिल है। यह संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता और सम्मान के साथ जीवन जीने का अवसर प्रदान करता है। समारोह के दौरान विधायक सावित्री जिंदल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी दी तथा परेड का निरीक्षण किया। समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों, युद्ध वीरांगनाओं, उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिक व सांस्कृतक कार्यक्रमों के विजेता भी सम्मानित किए गए।



## बाबा बंदा बहादुर स्कूल में मनाया गणतंत्र दिवस, प्रधान रामप्रकाश ने फहराया तिरंगा

हांसी। बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल के प्रांगण में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधन समिति के प्रधान राम प्रकाश परुथी व कोषाध्यक्ष रविन्द्र खुराना, विद्यालय की प्रधानाचार्या लवली चावला, प्रशासक प्रवीण चुग, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर पवन रावल व अन्य सदस्यगण बिट्टू ढींगरा तथा अशोक मल्होत्रा ने तिरंगा फहराया। प्रधान आरपी परुथी ने कहा कि यह दिन हमारे लिए खास है क्योंकि संविधान ही है जो भारत के नागरिकों को एक सूत्र में पिरो कर रखता है।



## मुख्य डाकघर में गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रम

हिसार। मुख्य डाकघर में गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर मंडल डाकघर अधीक्षक अनिल कुमार रोज द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। समारोह में विभागीय कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों एवं अधिकारियों को मंडल स्तर पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डाक विभाग के अनेक कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा देशभक्ति गीतों से डाकघर परिसर गूंज उठा। इस अवसर पर दीपक कुमार, राम बिलास, कृष्ण कुमार रोहिल्ला, जगजीत सिंह, अभिषेक शर्मा सहित अन्य डाक कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन सहायक अधीक्षक डाकघर (मुख्यालय) कृष्ण कुमार रोहिल्ला ने किया।



## विज्डम स्कूल में गूंजे देशभक्ति गीत

हिसार। विज्डम स्कूल के प्रांगण में गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय ध्वज को सम्मान देते हुए की गई। इसके पश्चात सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने राष्ट्रगान गाकर देश के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य, कविता पाठ एवं भाषण प्रस्तुत किए। रंग-बिरंगी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों ने अपने कार्यक्रमों के माध्यम से देश की स्वतंत्रता, संविधान और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। स्कूल निदेशक हरिपाल पिलानिया ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को संविधान के महत्व के बारे में बताया।



## बजरंग गर्ग ने फहराया तिरंगा

हिसार। अग्रोहा धाम में गणतंत्र दिवस पर अग्रोहा धाम अग्रोहा विकास ट्रस्ट के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। इसमें भारी संख्या में महिला व पुरुषों ने भाग लिया। अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा कि भारत देश का संविधान 26 जनवरी 1950 में पूरी तरह से लागू हुआ था। लोकतन्त्र की जननी, भारतभूमि, उपनिवेश के विधि-विधान से मुक्त हुई और हमारा लोक-तंत्रात्मक गणराज्य अस्तित्व में आया। इस अवसर पर अग्रोहा धाम महिला समिति के अध्यक्ष रम्मी गुप्ता, कोषाध्यक्ष पवन गर्ग, सचिव ब्रह्मानंद गोयल भट्टू, अनंत अग्रवाल बरवाला, महेश अग्रवाल मथुरा, संदीप कुमार, राजकुमार माहेश्वरी आदि थे।



## सराहनीय कार्य करने वाले हुए सम्मानित

नारनौंद। गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम कस्बे की अनाज मंडी में धूमधाम से मनाया गया जिसमें एसडीएम विकास यादव ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को फहराया और परेड की सलामी ली। कार्यक्रम में ध्जारोहण के लिए विधायक विनोद भ्याना को कार्यक्रम में पहुंचना था लेकिन किसी कारणवंश वो कार्यक्रम में नहीं पहुंचे पाए। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में एसडीएम ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों तथा सामाजिक कार्यकर्ता को सम्मानित किया। राखीगढ़ी में सराहनीय कार्य करने पर अप्पू सहारण, बलजीत सिहाग, दिनेश श्योराण भी सम्मानित हुए।



## आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में आयोजन

हांसी। मिलकपुर स्थित आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रबंधन समिति चेयरमैन आनंद यादव द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर एवं राष्ट्रीय गान के साथ समारोह का शुभारंभ किया गया। इस अवसर आनंद यादव ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें यह सिखाता है कि सशक्त राष्ट्र का निर्माण तभी संभव है जब प्रत्येक नागरिक अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पालन करे। इस अवसर स्कूल सचिव नंबरदार कुलदीप यादव, निदेशक साहिल यादव, प्रिंसिपल नितीश मिश्र, वाइस प्रिंसिपल गीता यादव सहित स्टाफ सदस्य थे।




## राष्ट्रभक्ति के साथ मनाया गणतंत्र दिवस

हांसी। यदुवंशी शिक्षा निकेतन परिसर में 77वें गणतंत्र दिवस का आयोजन अत्यंत गरिमामय, अनुशासित एवं राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत वातावरण में किया गया। इस अवसर पर देशभक्ति से परिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम समारोह का मुख्य आकर्षण रहे। यदुवंशी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के संस्थापक एवं चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें यह सिखाता है कि सशक्त राष्ट्र का निर्माण तभी संभव है जब प्रत्येक नागरिक अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पालन करे। प्रधानाचार्य सुनील कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में देशभक्ति, सामाजिक उत्तरदायित्व और संविधान के प्रति सम्मान की भावना को सुदृढ़ करते हैं।



## आरपीएस स्कूल में गणतंत्र दिवस मनाया

हांसी। आरपीएस पब्लिक स्कूल के प्रांगण में 77वां गणतंत्र दिवस अत्यंत हर्षोल्लास, देशभक्ति और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के संचालक डॉ संदीप देशवाल व प्रधानाचार्या एकता सचदेवा द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने व राष्ट्रगान के साथ हुई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति से प्रेरित सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां प्रभावशाली नाट्य मंचन, प्रेरणादायक कविताओं ने सभी का मन मोह लिया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत नाटक और कविताओं में देश के वीर शहीदों के बलिदान, संविधान के महत्व और नागरिक कर्तव्यों का सुंदर चित्रण किया गया।



## श्री एसडी कन्या विद्यालय में कार्यक्रम

हांसी। श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की छात्राओं ने मनमोहक, उत्कृष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक समिति व विद्यालय प्राचार्या रेणु बंसल ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को संविधान के मूल्यों- समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व - को जीवन में अपने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने की सीख देता है। उन्होंने सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।



## श्री कृष्णा प्रणामी स्कूल की झांकी प्रथम

हांसी। गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित पहले जिला स्तरीय समारोह में श्री कृष्णा प्रणामी पब्लिक स्कूल की शिक्षा के महत्व को दर्शाने वाली झांकी को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। यह सम्मान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल द्वारा प्रदान किया गया। विद्यालय की झांकी में नई शिक्षा नीति, डिजिटल शिक्षा, बेटियों की शिक्षा तथा सांस्कृतिक विरासत के साथ 'वंदे मातरम' की भावना को सशक्त रूप में दर्शाया गया। विद्यार्थियों की अनुशासनबद्ध भागीदारी, आकर्षक वेशभूषा तथा सजीव मंच प्रस्तुति की सभी ने प्रशंसा की। प्राचार्य अनिल कुमार एवं मुख्याध्यापिका पिंकी यादव ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों व शिक्षकों की मेहनत को दिया।



हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एनपी कौशिक व अन्य।

## ओएसजीयू में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस समारोह

सार। ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय (ओएसजीयू) में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। विश्वविद्यालय के प्रांगण में आयोजित इस भव्य समारोह में शिक्षाविदों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और देश के लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस खास अवसर पर विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल एवं प्रो-चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने अपने विशेष संदेश के माध्यम से सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ध्वजारोहण रहा, जो विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एन. पी. कौशिक एवं ओ.एस.जी.यू. परिवार द्वारा संपन्न किया गया। तिरंगा फहराने के बाद राष्ट्रगान की गूंज ने पूरे वातावरण को देशभक्ति के रंग में सराबोर कर दिया।

### द सिनर्जी आईएएस अकेडमी का टैलेंट हंट परीक्षा परिणाम घोषित

# कोई नहीं पा सका प्रथम स्थान, उकलाना का समीर द्वितीय व फतेहाबाद की पिंकी तृतीय रही

हरिभूमि न्यूज ⏩हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय समीप स्थित द सिनर्जी आईएएस अकेडमी में हाल ही में आयोजित बहुप्रतीक्षित टैलेंट हंट परीक्षा का परिणाम गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किया गया। इस परीक्षा का आयोजन विद्यार्थियों की अंतर्निहित प्रतिभा, बौद्धिक क्षमता तथा संघ लोक सेवा आयोग व हरियाणा लोक सेवा आयोग जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति उनकी तैयारी के स्तर का आकलन करने के उद्देश्य से किया गया था। परिणाम घोषणा के दौरान एक महत्वपूर्ण और विचारोत्तेजक तथ्य सामने आया कि परीक्षा में सम्मिलित कोई भी विद्यार्थी अकेडमी द्वारा निर्धारित उच्च शैक्षणिक मानकों के अनुरूप 75 प्रतिशत अंक प्राप्त नहीं कर सका। इसलिए इस वर्ष प्रथम स्थान के लिए किसी विद्यार्थी का चयन नहीं किया गया। लोटस स्कूल उकलाना मंडी के होनहार छात्र समीर को द्वितीय व सिटी स्कूल बिसला, फतेहाबाद की छात्रा पिंकी तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



हिसार। शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्रा को सम्मानित करते अतिथिगण।



## ऑपरेशन सिंदूर' पर आधारित कोरियोग्राफी ने मन मोहा

हिसार। भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कालेज में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में मेजर जनरल डॉ श्रीकांत शर्मा व विशिष्ट अतिथि के तौर पर फतेह चंद महिला कॉलेज की पूर्व प्राचार्या डॉ रंजना शर्मा उपस्थित हुए। सर्वप्रथम मुख्यातिथि ने तिरंगा फहराया। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ शमीम शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इसके साथ ही ऑपरेशन सिंदूर' पर आधारित एक देशभक्ति और वीर रस से भरी नृत्य कोरियोग्राफी प्रस्तुति की गई जो भारतीय सेना के साहस और 2025 में पहलगाम हमले के बाद की गई जवाबी कार्रवाई (एयर स्ट्राइक) को दर्शाती है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय चेयरमैन भारत भूषण प्रधान, डायरेक्टर डॉ नीलम प्रभा, स्कूल प्रबंधक डॉ अजीज प्रधान, प्राचार्या डॉ. सरिता शर्मा, समस्त स्कूल व कालेज टीचिंग व नान टीचिंग स्टॉफ सदस्य उपस्थित हुए।

## 50 पुलिस अधिकारी व कर्मचारी सम्मानित

हांसी। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने कर्तव्यनिष्ठा, उत्कृष्ट कार्य निष्पादन एवं सराहनीय सेवाओं के लिए 50 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। यह सम्मान उन पुलिस कर्मियों को दिया गया जिन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, साहस और समर्पण के साथ करते हुए पुलिस विभाग की गरिमा को बढ़ाया है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हांसी पुलिस के अधिकारी और कर्मचारी दिन-रात मेहनत कर कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराधियों की धरपकड़ तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सम्मानित होने वालों में डीएसपी, थाना प्रभारी, अपराध शाखा प्रभारी, निरीक्षक, उप-निरीक्षक, मुख्य सिपाही एवं सिपाही शामिल रहे।